हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 30 दिसंबर 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान

अधिकतम 25.0 डिग्री

न्यूनतम 12. 0 डिग्री

दिल्ली में बिखरी छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक छटा

4



**खबर संक्षेप**

### खाटू वाले श्याम प्रभू की 72वीं मासिक निशान यात्रा आज

**चांपा।** स्थानीय श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा प्रतिमाह की एकादशी को निकाले जाने वाली मासिक निशान पदयात्रा इस वर्ष मंगलवार 30 दिसंबर को सुबह 7.30 बजे से सदर बाजार स्थित श्री राधाकृष्ण मंदिर से श्री श्याम दरबार श्याम मंदिर मोदी चौक तक जाएगी। इस बार निकाली जाने वाली यह 72वीं मासिक निशान पद यात्रा होगी जो 6 वर्ष पूर्ण करने जा रही है। निशान यात्रा में श्याम भक्तों से शामिल होने का अनुरोध किया गया है। इसी तरह मंगलवार को ही सायं 7 बजे संजय अग्रवाल के निवास स्थान पर मासिक एकादशी संकीर्तन का भी आयोजन मंडल द्वारा किया गया है जो 10वां मासिक संकीर्तन होगा।

### अटल की स्मृति में व्याख्यान व संगोष्ठी कार्यक्रम आज

**जांजगीर-चांपा।** भारतीय जनता पार्टी जांजगीर-चाम्पा विधानसभा का मंगलवार 30 दिसम्बर को सुबह 11 बजे जिला भाजपा कार्यालय जांजगीर में छ.ग. राज्य के निर्माता, पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति वर्ष में विधानसभा स्तरीय व्याख्यान व संगोष्ठी का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में छ.ग. विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता नारायण चंदेल, छ.ग. शासन के क्रेडा अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी, पूर्व विधायक निर्मल सिन्हा, भाजपा जिलाध्यक्ष अम्बेश जांगड़े विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। नवागढ़ मंडल अध्यक्ष समर्थ सिंह, जांजगीर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष धजाराम साहू, चाम्पा मंडल अध्यक्ष संतोष थवाईत, जांजगीर-नैला मंडल अध्यक्ष हितेश यादव ने जांजगीर-चाम्पा विधानसभा क्षेत्र के आमंत्रित सभी कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी समस्याएं, मिले 55 आवेदन

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याएं एवं मांगों को गंभीरता पूर्वक सुना। उन्होंने प्राप्त आवेदनों का संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रत्येक प्रकरण का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आज जनदर्शन में कुल 55 आवेदन प्राप्त हुए है। जनदर्शन में तहसील पामगढ़ के ग्राम मेऊ निवासी श्रीमती धनेश्वरी यादव द्वारा आर्थिक सहायता राशि दिलाने, तहसील मुख्यालय जांजगीर निवासी संजय गोपाल द्वारा राजस्व प्रकरण की नकल दिलाने, ग्राम खैरा निवासी श्रीमती भूरीबाई द्वारा अपने भूमि की फौती व नामांतरण करवाने, तहसील बलौदा के ग्राम जर्वे ब के निवासी श्रीमती दिलबाई द्वारा सीमांकन करवाने, तहसील बम्हनीडीह के ग्राम बोरसी निवासी लोचन खुटे ने श्रम पंजीयन में जन्मतिथि की त्रुटि सुधार करवाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किये। कलेक्टर श्री महोबे ने प्राप्त सभी आवेदनों का संबंधित अधिकारियों द्वारा आवश्यक कार्यवाही करते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।

### फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि कल

**सक्ती।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत रबी फसलों के लिये बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर निर्धारित किया गया है। सक्ती जिले में रबी मौसम में गेहूं सिंचित और सरसों फसल को अधिसूचित किया गया है। गेहूं फसल के लिये ग्राम एवं सरसों फसल के लिए राजस्व निरीक्षक मण्डल को इकाई क्षेत्र लिया गया है। जिले में गेहूं फसल के लिए विकासखण्ड जैजैपुर अन्तर्गत चार ग्राम चिखलरौंदा, झालरौंदा, भोथिया, मलनी तथा विकासखण्ड मालखरौदा अन्तर्गत तीन ग्राम बड़े सीपत, कुरदा, चारपारा और विकासखण्ड सक्ती अन्तर्गत तीन ग्राम जाजंग, मसनियांकला, रगजा को अधिसूचित किया गया है।

11 सूत्रीय मांगों को लेकर अधिकारी-कर्मचारियों के काम बंद कलम बंद आंदोलन का आगाज

# फेडरेशन की हड़ताल : दफ्तरों में वीरानी, स्कूलों में नहीं खुले ताले

कर्मचारी–अधिकारी फेडरेशन द्वारा 11 सूत्रीय मांगों को लेकर काम बंद कलम बंद आंदोलन का आगाज किया गया। इस दौरान पहले दिन जिले के सरकारी दफ्तरों में विरानी छायी रही। वहीं स्कूलों में अघोषित अवकाश सा माहौल रहा। स्कूलों के ताले तक नहीं खुल सके।



आंदोलन पर बैठे कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के पदाधिकारी।



सुना पड़ा दफ्तर एवं खाली कुर्सी–टेबल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सोमवार 29 दिसंबर को कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर तीन दिवसीय आंदोलन का आगाज किया। जिलेभर के अधिकारी-कर्मचारी जिला मुख्यालय जांजगीर के कचहरी चौक स्थित सी मार्ट परिसर में एकजुट हुए। यहां फेडरेशन के बैनर तले उन्होंने अपनी मांगों को लेकर दिनभर प्रदर्शन किया। कर्मचारियों की हड़ताल के चलते जिला मुख्यालय सहित जिले के विकासखंड कार्यालयों में विरानी छायी रही। शिक्षा, स्वास्थ्य, लोक निर्माण विभाग, पीएमजीएसवाय, लोक स्वास्थ्य ग्रामीण यांत्रिकी सहित सभी शासकीय कार्यालयोंमें सन्नाटा पसरा रहा। इधर स्कूलों में ताला तक



नहीं खुला। जिला मुख्यालय में आयोजित धरना प्रदर्शन को फेडरेशन के संयोजक विश्वनाथ परिहार, महासचिव अर्जुन सिंह क्षत्रीय, सहसंयोजक विष्णु पैगवार, तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के महिला अध्यक्ष श्रीमती निधिलता ने संबोधित किया। उन्होंने अपनी मांगों को लेकर सरकार द्वारा की जा रही अनदेखी पर नाराजगी जाहिर की और मांगों पूरी होने तक आंदोलन को आगामी दिनों में और विस्तृत करने की बात कही। फेडरेशन के नेताओं ने कहा कि उनकी हड़ताल से दफ्तरों में कामकाज ठप हो गया है। स्कूलों में ताला तक नहीं खुला। ऐसी स्थिति में सरकार को इस दिशा में सकरात्मक पहल करनी चाहिए। आंदोलन में फेडरेशन के भुवनेश्वर देवांगन, डॉ. रविंद्र द्विवेदी, फिरत किरण, विकास सिंह, धन्य कुमार पांडेय, यू.एस. राठिया, पवन चंदेल, टीकम थवाईत सहित फेडरेशन के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### कर्मचारियों की प्रमुख 11 सूत्रीय मांगें

अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन की प्रमुख मांगों पर नजर डाली जाए तो प्रमुख मांगे केन्द्र सरकार के समान महंगाई भत्ता, डीए एरियर्स, जीएफ खाते में समयोजन की मांग, कर्मचारियों को चार स्तरीय समयमान वेतन, विभिन्न संवर्गों की वेतनमान विसंगति को दूर करने, पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक करने, सभी विभागों में सेवानिवृत्त आयु 65 वर्ष करने, अर्जित अवकाश नगदीकरण 300 दिवस करने, केशलेस सुविधा करने, अनुकंपा नियुक्ति नियम में 10 प्रतिशत सिलिंग शिथिलिकरण एवं प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवागणना व पंचायत सचिवों को शासकीयकरण करने की मांग शामिल है।

### कलेक्टोरेट में हड़ताल बेअसर, पूरे दिन चला बैठकों का दौर

कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने अपनी मांगों को लेकर पखवाड़ेभर से संपर्क अभियान चलाकर समर्थन जुटाया, लेकन आंदोलन के पहले दिन ही कलेक्टर कार्यालय में फेडरेशन की हड़ताल पूरी तरह से बेअसर रहा। दरअसल सप्ताह के पहले दिन सोमवार को यहां जनदर्शन के साथ समय सीमा की बैठक होनी थी। ऐसे में न केवल जिला स्तर के अधिकारी बल्कि संबंधित विभागों के बाबु और कर्मचारी भी पूरे दिन कलेक्टोरेट में डहे रहे। खास बात यह है कि अफसरों को लाने-ले जाने वाले सरकारी वाहन चालक भी अपनी ड्यूटी में मुस्तैद नजर आए। उल्लेखनीय है कि इसके पहले जब फेडरेशन की हड़ताल होती थी तो कलेक्टोरेट में भी विरानी छायी रहती थी। खास करके वाहन चालकों के हड़ताल पर होने से अफसरों को कलेक्टोरेट पहुंचने के लिए जुगाड़ (पुलिस विभाग) के ड्रायवरों का सहाराना लेना पड़ता, इसके बाद भी वे दफ्तर पहुंचते तो बगैर बाबु के कोई काम नहीं होता, जबकि इस बार इस तरह की नौबत ही नहीं आई। अधिकारी पूरे दिन बैठक में रहे और जरुरत के हिसाब से संबंधित बाबु और वाहन चालकों ने भी अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया।





मादक पदार्थ नष्टीकरण की कार्रवाई करते अफसर।

## 61 लाख रुपए से अधिक के अवैध मादक पदार्थ किया नष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल समिति द्वारा कोटाडबरी स्थित प्रकाश इण्डस्ट्रीज लिमिटेड के प्लांट भट्ठी में 61 लाख रुप से अधिक का अवैध मादक पदार्थ गांजा, नशीली सिरप एवं टैबलेट को नष्टीकरण कराने की कार्रवाई की गई है।

जिला पुलिस द्वारा जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल समिति जांजगीर चांपा के साथ मिलकर सोमवार 29 दिसंबर को प्रकाश इंडस्ट्रीज प्राईवेट लिमिटेड चांपा के (भट्ठी) में जिले के विभिन्न थाना एवं चौकी अंतर्गत जप्त 115 किलो 452 ग्राम गांजा कीमती 57 लाख 50 हजार, 35 हजार 833 नग टेबलेट कीमती 3 लाख 40 हजार एवं 616 नग सिरप कीमत 47 हजार 608 को विधिवत नस्ट किया



गया है। नस्टीकरण की कार्यवाही में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप श्रीमती नीलिमा डीग्रस्कर सहायक आयुक्त आबकारी अधिकारी जांजगीर- चा पा, डॉ खेमचंद साहू (जुनियर वैज्ञानिक) पर्यावरण संरक्षण अधिकारी बिलासपुर, प्रदीप जोशी रक्षित निरीक्षक, प्रधान आरक्षक देवनारायण रत्नाकर, जगदीश्वर प्रसाद, श्याम सुंदर जांगडे जिला अपराध शाखा जांजगीर -चा पा, प्रकाश इंडस्ट्रीज प्राईवेज लिमिटेड चांपा के प्रबंधक सहित अन्य स्टाप उपस्थित रहें।

### नशे में धुत शराबी ने युवक पर चाकू से किया हमला

**बहेराडीह।** शराब की नशे में धुत एक शराबी ने एक व्यक्ति पर चाकू से हमला कर दिया। इस घटना के बाद वह गंभीर रुप से घायल हो गया। खून से लथपथ पीड़ित को शासकीय बिसाहूदास महंत अस्पताल चाम्पा में भर्ती किया गया है। परिजनों की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। घटना चाम्पा थाना क्षेत्र ग्राम बहेराडीह की है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार 29 दिसंबर को शाम करीब 5 बजे तालाब की ओर से आ रहे 50 वर्षीय मंगलू राम यादव पिता स्व धनीराम को शराब की नशे में धुत गांव के ही 48 वर्षीय ओमप्रकाश यादव पिता स्व रामचरण ने पीछे से जाकर चाकू से हमला कर दिया। वह कुछ समय पता कि आरोपी हमला करने के बाद वहां से भाग निकला। पीड़ित को इलाज हेतू बीडीएम हॉस्पिटल चाम्पा भर्ती किया गया है। परिजनों ने मामले की रिपोर्ट चाम्पा थाना में दर्ज कराई है।

## होटल रेस्टोरेंट में खाद्य विभाग की दबिश,100 किलो पनीर कराया नष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

खाद्य सुरक्षा एवं औषधी प्रशासन विभाग की टीम के द्वारा सक्ती जिले के विभिन्न होटल रेस्टोरेंट एवं अन्य संस्थानों में दबिश देकर 100 किलोग्राम पनीर नष्ट कराने की कार्यवाही की। साथ ही साथ खाद्य

- **सेम्पल कलेक्शन करके भेजे दिए है जांच कराने**

पदार्थो का सेम्पल लेकर उसे जांच के लिए प्रयोग शाला रायपुर भेजा गया है। इस कार्यवाही से इस तरह के कारोबार में लगे व्यापारियों में हडकंप मच गया है।

गौरतलब है कि खाद्य सुरक्षा एवं औषधी प्रशासन विभाग के अधिकारियों की टीम के द्वारा सक्ती जिले के संस्थानो जिनमें होटल, रेस्टोरेंट ,किराना दुकान, मिष्ठान भंडार सहीत अन्य संस्थानो मे दबिश दी। इस बीच खाद्य पदार्थो



पनीर की जांच करती खाद्य सुरक्षा अधिकारी।

की जांच की जिसमें 100 किलोग्राम पनीर से दुर्गंध आने लगी थी। जिसे तत्काल मौके पर से नष्ट कराने की कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही से इस तरह के अवैध कारोबार में लगे ब्यापारियो में हडकंप मचा हुआ है। साथ ही साथ बचे हुए बाकी पनीर को जांच के लिए रायपुर स्थित प्रयोग शाला भेजा गया। नव वर्ष को देखते हुए इन दिनो होटल, मिष्ठान भंडार, रेस्टोरेंट , सहीत अन्य संस्थानो में केक, एवं मिठाईयां बडे पैमाने पर बनाए जा रहे है। साथ ही साथ मिष्ठान दुकानो में नियमो के विपरीत कई संचालक मिलावटी युक्त खादय पदार्थो की बिक्री कर दे रहे है। इसे देखते हुए संस्थानो मे दबिश देकर उक्त कार्यवाही की जा रही है। इसके अलावा खादय विभाग की टीम के द्वारा सोमवार 29 दिसम्बर सक्ती जिले के जैजैपुर मे खादय विभाग की टीम के द्वारा खादय पंजीयन लाइसेंस को लेकर शिविर का आयोजन किया गया इस दौरान विभिन्न संस्थानो के संचालन को लेकर 75 से भी अधिक आवेदन प्राप्त हुए है। विभाग की टीम के द्वारा लोगो को जागरूक करने के उदेश्य से बताया गया कि होटल सहीत अन्य संस्थानो में खादय पदार्थो को खाते समय विशेष तरह की सावधानी रखनी चाहिए। खादय सामानो की खरीदी करते समय उसका एक्सपायरी तारिख देखनी चाहिए ताकि खाने के दौरान किसी तरह की कोई परेशानी ना हो। इस संबंध में खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती अर्पणा आर्या का कहना है कि औषधी प्रशासन एवं खादय विभाग की टीम के द्वारा विभिन्न संस्थानो में दबिश दी गई। इस बीच कार्यवाही करते हुए 100 किलोग्राम पनीर नष्ट कराने की कार्यवाही की। साथ ही साथ एक्सपायरी सामान बेचने पर ब्यापारियो के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

### ठंड बढ़ने के साथ ही सुबह से रात तक गर्म कपड़ों में नजर आ रहे लोग

**जांजगीर-चांपा।** ठंड बढ़ने के साथ-साथ लोगों की दिक्कतें काफी बढ़ गई है। लगातार तापमान में आ रही गिरावट के कारण सुबह से रात तक लोग गर्म कपड़ों में नजर आ रहे हैं। ठंड के चलते सर्वाधिक परेशानी बुजुर्ग एवं छोटे बच्चों को हो रही है। बढ़ते ठंड के कारण जहां गर्म कपड़ों की मांग बढ़ गई है एवं सर्दी खांसी जुकाम से प्रभावित मरीजों की भीड़ सरकारी एवं निजी अस्पतालों में देखी जा रही है। लोग गर्म कपड़े पहनकर बाहर निकल रहे है। गौरतलब है कि दिसंबर महीने के शुरुआत से ही तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। इधर तापमान में गिरावट के चलते ठंड लगातार बढ़ रही है वहीं सुबह से रात तक लोग गर्म कपड़ों में नजर आ रहे हैं, जिसके चलते गर्म कपड़ों की मांग लगातार बढ़ रही है। शहर का न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस से अधिकतम 25 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। कुल मिलाकर देखा जाए तो दिन एवं रात के तापमान में भी गिरावट दर्ज की जा रही है। हालांकि दोपहर के समय तेज धूप भी पड़ रही है इसके बाद तापमान कम हो रहा है।




पुलिस के साथ गिरफ्तार आरोपी।

### धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने एवं देवी -देवताओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने एवं हिंदू देवी देवताओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले दो आरोपियों को अकलतरा पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किया गया है इस संबंध में यह जानकारी मिली कि ग्राम तरौद वार्ड क्रमांक 20 में संजू दांडेकर उम्र 37 वर्ष, निवासी लीमाही, थाना पलारी, जिला बलौदाबाजार एवं मोती सिंह उम्र 39 वर्ष निवासी किरारी, थाना अकलतरा, जिला जांजगीर-चांपा के द्वारा लोगों को हिंदू धर्म छोड़कर ईसाई धर्म अपनाने के लिए दबाव बना रहे थे तथा हिंदू देवी -देवताओं के संबंध में आपत्तिजनक टिप्पणियाँ कर रहे थे। दोनों व्यक्तियों के उक्त कृत्य से हिंदू समाज के लोगों की धार्मिक भावनाएँ आहत हुईं जिसकी सूचना रिपोर्ट के आधार पर थाना अकलतरा में अपराध क्रमांक 661/25 दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई।घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान आरोपियों द्वारा जुर्म स्वीकार करने एवं पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर आरोपियों के विरुद्ध धारा 299 भारतीय न्याय संहिता एवं छत्तीसगढ़ धर्म स्वतंत्रता अधिनियम 1968 की धारा 03 के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर उन्हें विधिवत गिरफ्तार न्यायालय पेश किया गया।

सनत उपाध्यक्ष व सूरज गोस्वामी सचिव निर्वाचित

# जिला अधिवक्ता संघ के 'नरेश' पांचवीं बार बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला अधिवक्ता संघ का चुनाव गहमा-गहमी के बीच संपन्न हुआ। मतदान के पश्चात मतों की गणना देर शाम संपन्न हुई, जिसमें अध्यक्ष पद के लिए नरेश शर्मा विजयी हुए। खास बात यह है कि शर्मा पांचवीं बार जिला अधिवक्ता संघके अध्यक्ष निर्वाचित हुए है।

सोमवार 29 दिसंबर को जिला अधिवक्ता संघ जांजगीर के चुनाव को लेकर सुबह से गहमा गहमी का माहौल रहा। निर्धारित समय पर उपस्थित अधिवक्ता संघ के चुनाव अधिकारियों की उपस्थिति में मतदान की प्रक्रिया संपन्न हुई। बताया जाता



जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव में निर्वाचित पदाधिकारीगण।

है कि इस दौरान कुल 583 मतदाताओं में से 529 सदस्यों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के पश्चात मतगणना की प्रक्रिया प्रारंभ हुई, जिसमें नरेश शर्मा 363 मत प्राप्त करके अध्यक्ष निर्वाचित हुए। उनके प्रतिद्वंदी राजेश पांडेय को 113 और राम गोपाल चौरसिया को 40 मत मिले। इसी प्रकार उपाध्यक्ष महिला में विद्या राठौर विजयी हुई। उन्हें 364 मत मिले। वहीं उनके प्रतिद्वंदी सुमन को 146 मत प्राप्त हुए। इसी प्रकार उपाध्यक्ष पुरुष में सनत पटेल 286 मत प्राप्त कर विजयी हुए। सचिव पद पर सूरज गोस्वामी 224 मत पाकर विजय हुए। इसी तरह सहसचिव में शिवनारायण यादव विजय हुए, उन्हें 320 मत मिले। कोषाध्यक्ष रामकुमार साहू निर्वाचित हुए। ग्रंथालय सचिव तिलकराम कहरा तथा सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा सचिव के पद पर आनंद राठौर निर्विरोध बने। कार्यकारिणी सदस्यों में गणेश शर्मा, कुंवर कश्यप, किरण यादव, योगेश राणा, लकेश्वर प्रसाद, सीमा कहरा बने। पूरी प्रक्रिया चुनाव अधिकारी ललित सिंह और उनके सहयोगियों द्वारा संपन्न कराई गई।

## खबर संक्षेप

### सांसद ज्योत्सना जिले के प्रवास पर



**कोरबा।** सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत 30 दिसंबर तक जिले के प्रवास पर रहेंगी। इस दौरान सांसद श्रीमती महंत कटघोरा विधानसभा, पाली तानाखार विधानसभा व रामपुर विधानसभा में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगी।

### नृत्य प्रतियोगिता में गुरु-शिष्यों का उत्कृष्ट प्रदर्शन




**कोरबा।** दुर्ग में आयोजित ऑल इंडिया नेशनल डांस प्रतियोगिता 2025 नृत्य नर्तन में ईशा देवांगन बालको निवासी अर्जुन देवांगन, रजनी देवांगन की पुत्री जो बिरला ओपन माइंड इंटरनेशनल स्कूल- बिलासपुर में शास्त्रीय कत्थक नृत्य शिक्षिका हैं, ने कत्थक (एकल) में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया तथा उन्हें गुरु सम्मान पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसी प्रतियोगिता में उनके मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त विद्यार्थियों ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न पुरस्कार जीते। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों ने अत्यंत सराहनीय प्रस्तुति दी। रिद्धि डोडवानी ने लोक नृत्य (एकल) में प्रथम पुरस्कार, तरण कोटवानी एवं प्रितिका रॉय ने अर्ध-शास्त्रीय (युगल) में द्वितीय पुरस्कार, आराध्या श्रीवास्तव एवं भाविका साहू ने अर्ध-शास्त्रीय (युगल) में तृतीय पुरस्कार, तथा पूर्वा बघेल ने अर्ध-शास्त्रीय (एकल) में तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया।

### 11 केवी तार टूटने से बिजली आपूर्ति बाधित

**कोरबा।** विद्युत आपूर्ति के लिए लगाए गए खम्भे को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया। इस हादसे में 11 केवी लाइन प्रभावित तार टूट जाने की वजह से टीपी नगर क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। सूचना मिलने पर विद्युत वितरण विभाग के कर्मी मौके पर पहुंचे और मरम्मत कार्य शुरू कर दिया। सूत्रों की मानें तो खम्भे में ठोकर लगने की वजह से विद्युत प्रभावित तार व इंसुलेटर क्षतिग्रस्त हो गया था, जिसका मरम्मत कार्य जारी है। मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद विद्युत आपूर्ति दोबारा बहाल की जाएगी।

### बिंझरा में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का हुआ आयोजन

**कोरबा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार युवा संगठन के द्वारा स्वामी आत्मानंद हिंदी मध्यम हायर सेकेंडरी स्कूल बिंझरा राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर लखनपुर में युवा प्रकोष्ठ प्रमुख रमाकांत साहू, संयोजक विजेंद्र यादव के नेतृत्व में, महत्वपूर्ण विषय पर वर्कशॉप संपन्न किया गया। जिसमें जीवन लक्ष्य को कैसे प्राप्त करें, राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका एवं नशा मुक्ति पर डिवाइन वर्कशॉप कार्यक्रम संपन्न किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गायत्री मंत्र से की गई। इस मौके पर शिविर स्थल पर युवाओं को संबोधित करते हुए दिया छत्तीसगढ़ कन्हैया चौहान ने कहा कि जीवन में एक लक्ष्य निर्धारित करें और उसे लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु निरंतर मेहनत और पुरुषार्थ करें अच्छा व्यक्तित्व, श्रेष्ठ संस्कार और राष्ट्र प्रेम संकल्प के साथ मार्ग में आगे बढ़ें। इस मौके पर युवा प्रकोष्ठ प्रमुख रमाकांत साहू ने बच्चों को नशा मुक्ति का संदेश देते हुए कहा कि मनुष्य जीवन एक सौभाग्य की तरह इसे सौभाग्य की तरह जिएं।

### ट्रेलर डिवाइडर से टकराकर पलटा सड़क पर बिखरा कोयला

**कोरबा।** कोरबा-कुसमुण्डा मार्ग में रविवार की शाम लगभग 6 बजे काटाघर के पास मेन रोड पर एक कोयला लोड ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 एएच 6611 डिवाइडर से टकराकर पलट गई। ट्रेलर के पलटने से ट्रेलर में लोड कोयला सड़क पर बिखर गया, इस वजह से कुछ देर के लिए सड़क पर आवागमन बाधित हो गया। हालांकि दुर्घटना में चालक को मामूली चोट आयी है। ट्रेलर चालक बसंत लाल ने बताया कि ट्रेलर का ब्रेक फेल हो गया, जिसकी वजह से वाहन से नियंत्रण हट गया और ट्रेलर डिवाइडर से टकराकर पलट गई।

# 5 लाख की लागत से शहर के 10 स्थानों में बन रहा है भूजल रिचार्ज पिट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले के शहरी और उपनगरीय क्षेत्रों में भूजल के गिरते स्तर की रिपोर्ट सामने आने के बाद शहर के 10 स्थानों में 5 लाख की लागत से भूजल को रिचार्ज करने के लिए पिट निर्माण का काम पहले चरण में किया जाना है जिसमें इंदिरा स्टेडियम, गौमाता चौक, मिनीमाता कालेज और कलेक्टोरेट शामिल हैं।

भूजल के गिरते स्तर का सर्वे करने इशरो और नागपुर की भूजल सर्वेक्षण विभाग की टीम के द्वारा साल में दो बार सर्वे किया गया था। वर्ष 2024-25 में हुए सर्वे में बारिश के पहले जलस्तर का पैमाना दर्ज किया गया था और उसके बाद बारिश खत्म होने के बाद की स्थिति देखने के लिए दूसरे चरण का सर्वे किया गया। दोनों सर्वे रिपोर्ट के बाद शहर में भूजल की चिंताजनक स्थिति सामने आयी। इसके बाद वॉटर रिचार्ज पिट निर्माण के लिए स्थान तय किया गया वह भी ऐसे स्थानों में जहां बारिश का पानी रिचार्ज करने के लिए किसी तरह के पिट नहीं बने थे। उक्त योजना तैयार होने के बाद स्वीकृति के लिए शासन को भेजा गया था। जिस पर बीते जुलाई माह में स्वीकृति मिली थी। पहले चरण में 10 स्थान तय किए गए हैं। इसमें इंदिरा स्टेडियम में रिचार्ज पिट का निर्माण पूरा हो चुका है और कलेक्टोरेट में पिट निर्माण का काम किया जा रहा है। इसके बाद गौमाता चौक और मिनीमाता कालेज में इस पिट निर्माण का कार्य किया जाएगा। अब तक जिस तरह के वॉटर रिचार्ज पिट बनते थे यह पिट उनसे पूरी तरह अलग है।

## इशरो और भूजल सर्वेक्षण विभाग की टीम ने किया था सर्वे

**खास बात**

- इंदिरा स्टेडियम, कलेक्टोरेट, गौमाता चौक, मिनीमाता कॉलेज में पहले चरण में होगा काम



### बोर से होगा भूजल रिचार्ज

नई तकनीक से बन रहा भूजल रिचार्ज पिट में सबसे पहले 50 मीटर तक बोर खनन किया जाता है। अभी तक बोर खनन भूजल के पानी को बाहर निकालने के लिए ही किया जाता रहा है। इस पिट में जो बोर खनन होगा उसमें चारों तरफ होल किए जाएंगे। जिससे टंकी के चारों ओर भरन वाला पानी इस बोर के माध्यम से जमीन के अंदर पहुंचेगा। कलेक्टोरेट में बन रहा वॉटर रिचार्ज पिट इसी तकनीक से तैयार हो रहा है।

## ग्रामीण अंचल से भी पहुंची मातृ शक्ति संगठन

# राम नाम लेखन महायज्ञ से उठी है हिंदू राष्ट्र की चिंगारी : माधवी लता



शोभायात्रा में शामिल महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आरएसएस की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर जिले में 3 अरब 33 करोड़ 33 लाख राम नाम लेखन महायज्ञ के अंतर्गत कौशल्या महाकुंभ का

**खास बात**

- घंटाघर से दशहरा मैदान निहारिका तक निकली यात्रा का जगह जगह हुआ स्वागत

आयोजन राजेंद्र प्रसाद नगर दहशरा मैदान में किया गया था। इस अवसर पर घंटाघर चौक से दहशरा मैदान निहारिका तक निकली कौशल्या महाकुंभ यात्रा के अवसर पर आयोजित दुर्गा शक्ति सभा को संबोधित करते हुए दक्षिण भारत की प्रसिद्ध भाजपा नेत्री और अपोलो अस्पताल की संस्थापक माधवी लता ने कहा हैं कि "राम नाम लेखन महायज्ञ से जो चिंगारी कोरबा में शुरू हुई है वह भविष्य में हिंदू राष्ट्र के लिए निर्णायक साबित होगी।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में कोरबा जिले में तीन अरब 33 करोड़ 33 लाख राम नाम लेखन महायज्ञ के अंतर्गत कौशल्या महाकुंभ में माधवी लता पहुंची थी। कोरबा जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र से एकत्रित राम नाम लेखन पुस्तिकाओं को ओपन थिएटर से महिलाओं ने अपने सिर पर धारण किया और राजेंद्र नगर दशहरा मैदान पहुंची। यहां पर पुस्तिका पूजन के साथ लोगों ने श्री राम का गुणगान किया। मुख्य अतिथि के तौर पर माधवी लता ने भगवान श्री राम की महिमा का सुंदर ढंग से चित्रण किया। उन्होंने कहा कि भगवान राम के प्रति छत्तीसगढ़ के लोगों में असीम श्रद्धा है। राम नाम लेखन महायज्ञ में लोगों की बहुत बड़ी भागीदारी और उनका समर्पण इसका उदाहरण है। उन्होंने अपने संबोधन के साथ संस्कृत के श्लोक से उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम के मंच पर स्वामी भजनानंद सेवा आश्रम केंदई की साध्वी गिरिजेश नंदिनी, राम जानकी मंदिर के महाराज, ब्रह्माकुमारी संस्था की रुक्मणी, गायत्री परिवार से अर्चना मिश्रा, सतनामी कल्याण समिति के संरक्षक श्रीमती रामबाई लहरे, रामनामी समाज के प्रतिनिधि, राम नाम लेखन महायज्ञ समिति के कोरबा जिला अध्यक्ष राम सिंह अग्रवाल सहित आरएसएस के पदाधिकारियों में डॉ विशाल उपाध्याय, किशोर बुटालिया प्रमुख रूप से उपस्थित थे। हजारों की संख्या में नागरिक भी इस कार्यक्रम का हिस्सा बने।

### सुभाष चौक में उद्योग मंत्री ने किया स्वागत



कौशल्या महाकुंभ यात्रा के निहारिका सुभाष चौक पहुंचने पर प्रदेश के उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी, महापौर सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने यात्रा में सहभागिता करते हुए सनातन संस्कृति और राम काज के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। जिला कोरबा हिंदू सम्मेलन 2025 के अंतर्गत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन-पूजन संपन्न हुआ, जिसमें सनातन मूल्यों को सशक्त करने और सामाजिक एकता का प्रबल संदेश दिया गया। कार्यक्रम में हैदराबाद से विशेष रूप से पहुंचीं अपोलो हॉस्पिटल की अध्यक्ष श्रीमती कोम्पेला माधवी लता का कोरबा की पावन भूमि पर आत्मीय स्वागत एवं वंदन किया गया। इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष अजय पांडे, पार्षद नरेंद्र देवांगन, हीतानंद अग्रवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल, दिनेश वैष्णव, श्रीमती अंजना सिंह, मंडल अध्यक्ष राजेश राठौर, नवीन अरोरा, दीप नारायण सोनी सहित अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाई-बहन उपस्थित रहे।

# प्रेमी की मानसिक प्रताड़ना से त्रस्त नाबालिग ने लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



आरोपी


अपने प्रेमी के द्वारा दिए जा रहे मानसिक प्रताड़ना से त्रस्त आकर आखिरकार एक नाबालिग लड़की ने फांसी लगाकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। पुलिस ने आरोपी प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है।

कोरबी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पाली में निवासरत एक 17 वर्षीय नाबालिग लड़की का गांव में ही रहने वाले 20 वर्षीय युवक दिलराज मरकाम के साथ प्रेम प्रसंग चला आ रहा था। आरोपी दिलराज मरकाम लंबे समय से लड़की पर शक करता था और उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित करता था, जिसकी वजह से वह गहरे तनाव में रहती थी। सूत्रों की मानें तो आरोपी दिलराज मरकाम अक्सर लड़की के चरित्र पर संदेह जताता था और उसे धोखा देने के आरोप लगाकर झगड़ा करता था। परिजनों ने बताया कि 27 नवंबर को लड़की अपने भाई-बहन के साथ बाजार गई थी, इसके बाद वह घर से लापता हो गई। काफी तलाश के बाद भी जब कोई सुराग नहीं मिला तो पुलिस को सूचना दी गई। दो दिन बाद गांव के पास जंगल क्षेत्र में उसका शव मिला, जिसकी पहचान परिजनों ने की। परिवार का आरोप है कि लापता होने के दौरान लड़की आरोपी से मिलने गई थी, जहाँ दोनों के बीच विवाद हुआ। लगातार मानसिक दबाव से वह टूट चुकी थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पुलिस के अनुसार पूछताछ के दौरान आरोपी ने संबंध और प्रताड़ना की बात स्वीकार की, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

**खास बात**

- आरोपी प्रेमी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

# ग्राइंडर से शटर काटकर ऑटो पार्ट्स दुकान में चोरी



वह दुकान जहां चोरों ने वारदात को दिया अंजाम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

टीपी नगर स्थित आकांक्षा सेल्स कॉरपोरेशन में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। दुकान संचालक दीपक अग्रवाल रविवार की सुबह लगभग 10 बजे दुकान खोलने पहुंचे, तो उन्होंने शटर का ताला टूटा और शटर हल्का खुला पाया। दुकान के अंदर काउंटर खुला था और सामान बिखरा पड़ा था। जिसके बाद संचालक ने तत्काल सीएसईबी चौकी पुलिस को मामले की सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

आकांक्षा सेल्स कॉरपोरेशन के संचालक दीपक अग्रवाल ने बताया कि चोर दुकान के काउंटर से 80 हजार रुपये नकद, एक लैपटॉप, एक मोबाइल फोन और कुछ अन्य सामान ले गए हैं। चोर दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर भी अपने साथ ले गए। दुकान में ऑटो पार्ट्स सहित लाखों रुपये का कीमती सामान रखा हुआ था, जिसमें से अन्य क्या-क्या चोरी हुआ है, इसका आकलन अभी किया जा रहा है। सीएसईबी चौकी प्रभारी भीमसेन यादव ने जानकारी दी कि दुकानदार की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने आगे की जांच कार्रवाई शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि आसपास की कई दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरे खराब हैं, जिससे चोरों की पहचान करने में दिक्कत आ रही है। पुलिस ने दुकानदारों से अपने सीसीटीवी कैमरों को दुरुस्त रखने की अपील की है। स्थानीय लोगों ने इस क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं पर चिंता व्यक्त की है। दुकानदारों ने पुलिस से चोरी पर अंकुश लगाने और जल्द से जल्द चोरों को गिरफ्तार करने की मांग की है। टीपी नगर क्षेत्र में कई छोटे-बड़े होटल देर रात तक खुले रहते हैं, जहां विभिन्न प्रकार के लोगों का आना-जाना लगा रहता है। दुकानदारों ने ऐसे होटलों को निर्धारित समय पर बंद कराने की भी मांग की है, ताकि आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण पाया जा सके।

## कांग्रेस के 140 वर्ष पूर्ण होने पर मनाया गया 141 वां स्थापना दिवस

# कांग्रेस ने हर स्थिति में सत्य अहिंसा और संघर्ष के मार्ग को चुना: जयसिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने हमेशा देश के लोगों की भलाई और प्रगति के लिए काम किया है। हम सविधान में निहित राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक अधिकारों में सुनिश्चित अवसर की समानता में दृढ़ता से विश्वास करते हैं। कांग्रेस ने हर स्थिति में सत्य, अहिंसा और संघर्ष के मार्ग को चुना और हमेशा जनता के हित में काम किया।

उक्त बातें पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल जिला कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस पार्टी के 140 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित 141वां स्थापना दिवस कार्यक्रम के दौरान कही। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मंत्री श्री अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि सुरक्षित स्वास्थ्य और आर्थिक रूप से सुदृढ़ भारत के लिए पूर्व प्रधानमंत्री पंडित नेहरू ने सिंचाई परियोजनाओं, बड़े बड़े कल कारखानों की नींव रखी। मूलभूत आवश्यक कार्य बिजली, पानी, सड़क, स्कूल कॉलेज, चिकित्सालय आदि के साथ आईआईएम, आईआईटी जैसे संस्थानों, बेहतरीन चिकित्सा संस्थान, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान, संस्थान की स्थापना की। श्री नेहरू के बाद लाल बहादुर शास्त्री ने देश की सुरक्षा को लक्ष्य रखा। जय जवान, जय किसान का नारा देकर किसानों का हौसला बढ़ाया, जिससे किसानों ने अनाज की उपलब्धता बढ़ाई, इंदिरा गांधी ने हरित क्रांति, 20 सूत्री कार्यक्रम, अंतरिक्ष कार्यक्रम, परमाणु कार्यक्रम, बैंकों का राष्ट्रीयकरण जैसे महत्वपूर्ण कार्य किये। वहीं राजीव गांधी ने भारत को 21वीं सदी की ओर ले जाने के लिए सूचना प्रोद्योगिकी और कम्प्युटर क्रांति लाया, मतदान की उम्र 18 वर्ष किया। पंचायत, नगर निगम का गठन कर गांव, शहरों में ही फैसला लेने का अधिकार दिया। नरसिम्हा राव ने आर्थिक उदारीकरण को अपनाकर वैश्विक व्यापारिक जगत में भारत को मजबूत बनाया। मनमोहन सिंह के कार्यकाल में सूचना के अधिकार, भोजन का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, महात्मा गांधी रोजगार गारंटी, भू अधिग्रहण कानून लाकर भारत के लोगों के जीवन स्तर को सुधारने का काम हुआ।



कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेसी।

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24/7
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना, नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलांओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- गरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्मे की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉन्टिस्ट
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- शल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द, साइटिका एवं आर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलैब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई.ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजेरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- बांझपन, यूरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पत्तियों का परामर्श एवं इलाज, महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, नसबंदी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरॉइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661



# 700 करोड़ पार हुई धुरंधर, ऐसा करने वाली साल की पहली फिल्म

**मुंबई।** बॉलीवुड में हर साल कई बड़ी फिल्में आती हैं, लेकिन कुछ ही ऐसी होती हैं जो लंबे समय तक सिनेमाघरों में टिककर इतिहास रचती हैं। इन्हीं में से एक नाम बन चुका है फिल्म धुरंधर, जिसने रिलीज के चौथे हफ्ते में भी अपनी रफ्तार बरकरार रखी है। जिस तरह से फिल्म ने लगातार चार शनिवार को शानदार कमाई की है। चौथे हफ्ते के शनिवार को फिल्म ने 20 करोड़ से ज्यादा कलेक्शन किया। आमतौर पर इस स्टेज पर फिल्में सीमित स्क्रीन्स और कम शो के साथ संघर्ष करती हैं, लेकिन धुरंधर ने इसके उलट शानदार प्रदर्शन किया। इसी के साथ ही फिल्म ने सिर्फ भारतीय बॉक्स ऑफिस पर ही 700 करोड़ का आंकड़ा पार कर दिया है और इसी के साथ इस साल ऐसा करने वाली पहली फिल्म भी बन गई है।

## लाइफ Style



# हुमा एलिजाबेथ के किरदार में बिखेरेंगी जलवा

केजीएफ स्टार यश की मच अवेटेड फिल्म टॉक्सिक को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं। यही कारण है कि फैंस फिल्म के हर एक अपडेट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अभिनेत्री कियारा आडवाणी के बाद अब फिल्म से हुमा कुरैशी का फर्स्ट लुक सामने आया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर हुमा कुरैशी के लुक को जारी किया है। इस लुक में हुमा काले कपड़ों में खड़ी नजर आ रही हैं। एक काले रंग की कार के पास हुमा एक मॉडर्न गाउन पहने खड़ी हैं और पोज दे रही हैं। पीछे एक परी की तरह की मूर्ति भी नजर आ रही है। हुमा के लुक को शेयर करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा, 'पेश है टॉक्सिक- फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स में एलिजाबेथ के किरदार में हुमा कुरैशी।' इस लुक में हुमा किसी महारानी की तरह नजर आ रही हैं। उनका लुक उनके किरदार के दमदार होने का सबूत देता है। इससे पहले फिल्म से कियारा आडवाणी का लुक भी सामने आ चुका है। अभिनेता यश ने ही कियारा आडवाणी के लुक को भी रिवील किया था। इसमें कियारा रैंप पर वॉक करती दिख रही थीं। उन्होंने ऑफ शोल्डर हाई स्लिट गाउन पहना हुआ था। रैंप वॉक करते हुए वह रो रही थीं। उनके चेहरे पर आंसू के निशान दिख रहे थे। हालांकि उनके पीछे जश्न का माहौल नजर आया था। पोस्टर शेयर करते हुए यश ने कैप्शन में लिखा था 'टॉक्सिक- फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स में नादिया के रूप में कियारा आडवाणी।' गीतू मोहनदास द्वारा निर्देशित 'टॉक्सिक' 19 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है।

## हॉलीवुड मसाला



# बोल्ड किरदारों के लिए फेमस थीं

**लॉस एंजिल्स।** यूरोपीय सिनेमा और ग्लैमर की दुनिया से एक युग का अंत हो गया है। फ्रेंच सिनेमा और हॉलीवुड में अपनी अलग पहचान बनाने वाली दिग्गज अभिनेत्री और गायिका ब्रिजिट बार्डो का 91 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। बार्डो सिर्फ एक फिल्म स्टार नहीं थीं, बल्कि वह 20वीं सदी की उन शख्सियतों में शामिल रहीं जिन्होंने सिनेमा, फैशन, महिला स्वतंत्रता और सामाजिक बहसों को नई दिशा दी। 1950 और 60 के दशक में ब्रिजिट बार्डो का नाम ग्लैमर और बोल्डनेस का पर्याय बन गया था।



# वो हॉलीवुड गाना जो बना लाखों दिलों की धड़कन

**लॉस एंजिल्स।** 34 साल के एड शीरन ने अपने गानों से हर जवां दिल पर राज किया है और आज वो इंडियन म्यूजिक लवर्स के लिए किसी आइकॉन से कम नहीं हैं। साल 2014 में सिंगर एड शीरन का गाना 'फोटोग्राफ' रिलीज हुआ था, जिसके लिरिक्स में वो पुरानी यादों और तस्वीरों की बात करते हैं। सिंगर इस सॉन्ग में दर्शाते हैं कि हम अपने अच्छे पलों को तस्वीरों में सजाकर इसलिए रखते हैं, ताकि हम उन्हें दोबारा जी सकें। एड शीरन के इस गाने का एक और वर्जन आज से 10 साल पहले रिलीज किया था, जिसमें उन्होंने अपने माता-पिता द्वारा लिए गए उनकी बचपन की वीडियो को एड किया था। वहीं इस गाने में सिंगर के स्ट्रगल को भी क्लिप के जरिए दिखाया गया था। सॉन्ग 'फोटोग्राफ' को इंडिया में आज भी सालों बाद उतना ही पसंद किया जाता है, जितना साल 2014 में लोगों ने पसंद किया था।



# प्रलय में रणवीर के साथ आएंगी नजर...

**नई दिल्ली।** साल की सबसे कमाऊ फिल्म 'धुरंधर' देने के बाद रणवीर सिंह प्रलय की तैयारी में जुटने वाले हैं। मार्च 2026 में धुरंधर का दूसरा पार्ट आएगा जिसके बाद रणवीर प्रलय की शूटिंग शुरू करेंगे। हालांकि इस फिल्म के बारे में ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन हीरोइन को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। प्रलय में रणवीर सिंह के साथ जिस हीरोइन का नाम सामने आ रहा है वो है आलिया भट्ट। जी हां रणवीर सिंह और आलिया भट्ट अपनी सफल फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी (RRKPK) के बाद एक बार फिर साथ काम कर सकते हैं। एक हालिया मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, रणवीर सिंह की आने वाली फिल्म प्रलय में फीमेल लीड रोल के लिए आलिया भट्ट के नाम पर विचार किया जा रहा है, जिसे जय मेहता डायरेक्ट करेंगे।



# अक्षय की जगह दृश्यम-3 में होंगे जयदीप

**मुंबई।** बॉलीवुड में जब भी किसी बड़े प्रोजेक्ट से जुड़ा विवाद सामने आता है, तो चर्चाओं का बाजार अपने आप गर्म हो जाता है। इन दिनों ऐसा ही कुछ देखने को मिल रहा है फिल्म 'दृश्यम 3' को लेकर, जहां कास्टिंग को लेकर दिए गए एक बयान ने इंडस्ट्री में हलचल मचा दी है। फिल्म के निर्माता कुमार मंगत पाठक के हालिया बयान ने न सिर्फ सुर्खियां बटोरी हैं, बल्कि दो दमदार अभिनेताओं अक्षय खन्ना और जयदीप अहलावत की तुलना को लेकर बहस भी छेड़ दी है। निर्माता कुमार मंगत पाठक ने इस बात की पुष्टि की कि फिल्म दृश्यम 3 में अक्षय खन्ना की जगह अब जयदीप अहलावत नजर आएंगे। इतना ही नहीं, उन्होंने इस बदलाव को ईश्वर की कृपा बताते हुए जयदीप को अक्षय से बेहतर अभिनेता तक कह डाला।

## टीवी मसाला



# नागिन 7 में तेजस्वी की झलक प्रियंका से ज्यादा रही चर्चा...

**नई दिल्ली।** सीरियल 'नागिन 7' में लीड रोल में प्रियंका चाहर चौधरी हैं। वह इस बार इच्छाधारी नागिन के रोल में नजर आएंगी। इससे पहले के सीजन में नागिन का रोल तेजस्वी प्रकाश ने किया। वहीं सबसे पहले सीजन में मौनी रॉय नागिन के किरदार में दिखी थीं। तेजस्वी और मौनी रॉय को इस किरदार में सबसे ज्यादा पसंद किया गया। हाल ही में जब सीरियल 'नागिन 7' का पहला एपिसोड दर्शकों ने देखा तो लीड एक्ट्रेस प्रियंका चाहर से ज्यादा चर्चा तेजस्वी प्रकाश रही। सोशल मीडिया पर 'नागिन 7' के कुछ वीडियो वायरल हैं, जिसमें पहले एपिसोड की शुरुआत ही तेजस्वी प्रकाश से होती है। वह नागिन के किरदार में हैं, जो अपने पूरे जीवन को याद करती है। दरअसल, वह घायल है, साथ ही गर्भवती भी है। एक परिवार से मदद मांगती है। फिर एक बच्ची का जन्म होता है, जो आगे चलकर नई नागिन (प्रियंका चाहर) बनेगी। सोशल मीडिया पर फैंस ने जब 'नागिन 7' में तेजस्वी को देखा तो जमकर रिएक्शन दिए। एक यूजर ने लिखा, 'यह बात मेकर्स को पता है कि अभी भी नागिन 7 में तेजस्वी प्रकाश की जरूरत है।' एक अन्य यूजर ने लिखा, 'तेजस्वी की स्क्रीन प्रेजेंस सच में बहुत शानदार है। उन्हें नागिन के रूप में फिर से स्क्रीन पर देखना बहुत अच्छा लगा। और सच कहूं तो...तेजू हमेशा मेरे लिए 'द नागिन' रहेंगी।' प्रियंका चाहर की एंट्री से पहले ईशा सिंह की एंट्री शो में हुई। वह प्रियंका चाहर के किरदार की बहन के तौर पर नजर आएंगी। लेकिन क्या वह भी इच्छाधारी नागिन हैं, यह आने वाले एपिसोड में पता चलेगा। लेकिन फैंस ने ईशा की एंट्री को भी पसंद किया है।

# चाचा जी के लिए मुसीबत बना पोपटलाल का छाता

**नई दिल्ली।** तारक मेहता का उल्टा चश्मा में अबतक आपने देखा कि चाचा जी अभी तक पेड़ पर ही अटके हुए हैं। उन्हें पेड़ से उतारने की हर मुमकिन



कोशिश हो रही है, लेकिन किसी का कोई भी आइडिया काम नहीं कर रहा है। बड़ी मुश्किल से टप्पू और उसके दोस्तों का लंबी सीढ़ी का आइडिया काम में आया था, लेकिन इस आइडिया के बीच सांप आ गया। अगले एपिसोड में आप देखेंगे कि चाचा जी को सांप से बचाने के लिए भिड़े पोपटलाल का छाता मांगेगा। वो कहेगा कि पोपटलाल का छाता वो ऊपर फेंका। ये बात सुनते ही पोपटलाल भड़क जाता है। वो कहता है कि वो अपना छाता फेंकने नहीं देगा। इसके बाद भिड़े उसे समझाता की ये छाता वो चाचा दी को देगा ताकि चाचा जी वो छाता खोलकर बैठ जाएं और सांप उन्हें न काट पाए। इसके बाद भिड़े वो छाता चाचा जी को देगा। लेकिन पोपटलाल का ये छाता चाचा जी के लिए और मुसीबत लाएगा।

# निर्माता ने अमिताभ को दिया था अवॉर्ड खरीदने का ऑफर

सदी के महानायक ने कही थी हैरान करने वाली बात

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन बॉलीवुड के सबसे बड़े अभिनेताओं में से एक हैं। वह अपनी अदाकारी के अलावा अपने कुछ उसूलों के लिए जाने जाते हैं। फिल्म 'खुदा गवाह' के निर्माता मनोज देसाई ने उनसे जुड़ा एक किस्सा साझा किया है। मनोज देसाई ने दावा किया है कि अमिताभ बच्चन को एक बार बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड खरीदने का ऑफर दिया गया था, जिसे उन्होंने मना कर दिया था। विक्की लालवानी से बातचीत में निर्माता मनोज देसाई ने यह खुलासा किया।

### अमिताभ अवॉर्ड नहीं खरीदते

बातचीत में मनोज देसाई ने कहा, 'एक बार मैं और अमिताभ बच्चन अवॉर्ड फंक्शन के दौरान साथ बैठे थे। रऊफ अहमद (दिवंगत फिल्म लेखक) मेरे पास आए और मुझसे पूछा, 'अगर मैं अमिताभ बच्चन को बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड दूं, तो क्या तुम इस पार्टी का पूरा खर्च उठाओगे?' मैंने यही बात अमिताभ बच्चन से पूछी। इस पर उन्होंने मुझसे कहा अमिताभ अवॉर्ड नहीं खरीदते।



### धर्मेंद्र ने भी नहीं खरीदा अवॉर्ड

मनोज देसाई ने दावा किया कि धर्मेंद्र भी अमिताभ बच्चन की तरह अवॉर्ड न खरीदने के सिद्धांत पर चलते थे। उन्होंने कहा, 'धर्मेंद्र ने भी ऐसे ऑफर को मना कर दिया था। उन्होंने कहा कि वह कोई अवॉर्ड नहीं खरीदेंगे। जब उन्हें लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड मिला था, तब उन्होंने अपनी स्पीच में कहा था कि उन्हें अपनी कई पिछली फिल्मों के लिए अवॉर्ड मिलने चाहिए थे, लेकिन उन्हें वे अवॉर्ड नहीं दिए गए।'

### बिग बी का वर्कफ्रंट

मुकुल एस आनंद के निर्देशन में बनी फिल्म 'खुदा गवाह' में श्रीदेवी ने डबल रोल किया था। इसमें शिल्पा शिरोडकर और नागार्जुन अहम किरदार में थे। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थी। अमिताभ बच्चन को आखिरी बार तमिल फिल्म 'वेट्टैयन' में देखा गया था। वह अपकमिंग फिल्म 'रामायण' का हिंस्सा होंगे।

# लगातार बढ़ रहे हैं फिल्मों की टिकटों के दाम : माधुरी

*__नई दिल्ली।__ कोविड के बाद से ये देखा जा रहा है कि सिनेमाघरों से जनता धीरे-धीरे दूरी बना रहे हैं। जिसकी वजह थिएटर्स में फिल्मों की टिकटों के बढ़ते दाम हैं। जो फिल्म अच्छी होती हैं, उन्हें देखने के लिए भारी तादाद में बेशक लोग पहुंचते हैं, लेकिन अगर किसी मूवी को लेकर उनके मन में द्वंद्व है तो वह पैसा बचाने के लिए उसकी ओटीटी रिलीज का इंतजार करते हैं। हाल ही में माधुरी दीक्षित वेब सीरीज मिसेज देशपांडे में नजर आई हैं, जिसको लेकर उनका नाम फिलहाल चर्चा में बना हुआ है। इस बीच माधुरी ने एक इंटरव्यू में फिल्मों की टिकटों के बढ़ती कीमतों को लेकर खुलकर बात की है और कहा है 'अगर फिल्म की कहानी अच्छी है तो वह हर हाल में चलेगी और लोग उसे देखने के लिए थिएटर्स में पहुंचेंगे। इस आधार पर ये कहा जा सकता है कि फिल्में चल नहीं रही हैं, लेकिन सही मायनों में देखा जाए तो टिकटों के दाम काफी ज्यादा है।*



*परिवार को सिनेमाघरों में एक फिल्म देखने के लिए अपना बजट बनाना पड़ता है। इस वजह से वे ध्यान से सोचते हैं कि कौन सी मूवी देखनी चाहिए और कौन सी नहीं। हालांकि, ओटीटी भी इसमें अहम भूमिका अदा करता है। अब जनता को घर बैठे ऑनलाइन एंटरटेनमेंट मिल रहा है और वीकेंड में लोग सिनेमाघरों से ज्यादा घर पर बैठकर ओटीटी पर फैमिली के साथ मनोरंजन का आनंद लेते हैं। कभी भी किसी भी समय पर ओटीटी पर फिल्म और सीरीज आसानी से देखने को मिल जाती हैं।' इस तरह से माधुरी दीक्षित ने फिल्मों की टिकटों की बढ़ती कीमतों लेकर अपनी राय रखी है और बताया है कि किस तरह से सिनेमा जगत को प्रभावित कर रहा है। माधुरी दीक्षित की वेब सीरीज मिसेज देशपांडे को हाल ही में ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो हॉटस्टार पर ऑनलाइन रिलीज किया गया है।*

## रोंगटे खड़े कर देने वाली कहानियों ने दर्शकों को बांधे रखा सिनेमाघरों में

# साल 2025 में इन 6 हॉरर फिल्मों ने जमकर डराया

*__नई दिल्ली।__ साल 2025 हॉरर फिल्मों के शौकीनों के लिए एक शानदार साल साबित हुआ। इस साल रोंगटे खड़े कर देने वाली कहानियों और पुरानी हिट फ्रेंचाइजी की वापसी ने सिनेमाघरों में खौफ का जबरदस्त माहौल बनाए रखा। पर्दे पर सिर्फ भूत-प्रेत ही नहीं, बल्कि दिमाग घुमा देने वाले साइको-थ्रिलर और लोककथाओं पर आधारित अलौकिक शक्तियों का ऐसा टशन देखने को मिला, जिसने दर्शकों को कुर्सी छोड़ने नहीं दी। साल 2025 डर और रोमांच के नाम रहा. जहां हॉरर जॉनर ने बॉक्स ऑफिस से लेकर ओटीटी प्लेटफॉर्म्स तक अपनी धाक जमाई। इस साल दर्शकों को सिर्फ डराया ही नहीं गया, बल्कि रोंगटे खड़े कर देने वाली कहानियों से उन्हें सिनेमाघरों में बांधे रखा गया। खासकर साउथ इंडियन सिनेमा ने अपनी लोककथाओं और पुरानी रस्मों-रिवाजों को जिस तरह हॉरर के साथ पिरोया, उसने दर्शकों के बीच एक अलग ही उत्सुकता पैदा की।*

**छोरी 2 :** साल 2025 की शुरुआत में 11 अप्रैल 2025 को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई 'छोरी 2' से हुई। नुसरत भरूचा और सोहा अली खान स्टारर इस सीक्वल ने पहले पार्ट की तरह अलौकिक तत्वों और साइलॉजिकल डर से दर्शकों को बांधे रखा। बेटी को बचाने के लिए मां की लड़ाई और भयावह शक्तियों का सामना करने वाली कहानी ने खूब सराहना बटोरी। यह फिल्म हॉरर में सोशल मैसेज को जोड़ने के लिए जानी गई।

**द भूतनी :** 1 मई को थिएटर्स में आई 'द भूतनी'. संजय दत्त, मौनी रॉय, सनी सिंह और पलक तिवारी स्टारर यह हॉरर-कॉमेडी कॉलेज कैंपस में वर्जिन ट्री पर रहने वाली भूतनी की कहानी पर आधारित थी। हंसाती और डराती इस फिल्म ने हल्का-फुल्का मनोरंजन दिया, हालांकि कुछ ने इसे हॉरर से ज्यादा कॉमेडी बताया।

**मां :** काजोल की 'मां' 27 जून को रिलीज हुई। यह माइथोलॉजिकल हॉरर फिल्म थी, जिसमें काजोल एक मां बनीं, जो अपनी बेटी को बचाने के लिए देवी काली का रूप धारण करती है। डेमोनिक कर्स और गांव की लोककथाओं पर आधारित यह फिल्म मदरहुड और सुपरनैचुरल का मिश्रण थी। काजोल की परफॉर्मेंस की तारीफ हुई।



**बारामूला :** 7 नवंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई 'बारामूला'। मानव कौल और भाषा सुम्बली स्टारर यह सुपरनैचुरल थ्रिलर कश्मीर के बारामूला में बच्चों के गायब होने की जांच पर आधारित थी। पुलिस ऑफिसर के घर में छुपे राज और कश्मीरी पंडित से इंस्पायर्ड तत्वों ने इसे इमोशनल डेप्थ दी. अलग स्टोरीलाइन और रोंगटे खड़े करने वाले सीन ने इसे स्पेशल बनाया।

**डाइस इरा :** हैलोवीन पर 31 अक्टूबर को थिएटर्स में आई मलयालम हॉरर थ्रिलर 'डाइस इरा'। प्रणव मोहनलाल स्टारर यह फिल्म राहुल सदाशिवन के निर्देशन में बनी। एक अमीर आर्किटेक्ट की जिंदगी में सुपरनैचुरल घटनाओं की कहानी ने दर्शकों को रोमांचित किया। बाद में 5 दिसंबर को जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम हुई यह फिल्म साल की सबसे सफल हॉरर फिल्मों में शुमार हुई।

**थामा :** इसके अलावा 'थामा' जैसी हॉरर फिल्म ने भी साल 2025 में सिनेमाघरों में जमकर जलवा बिखेरा. आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना स्टारर फिल्म में भी हल्के अंदाज में हॉरर पुट देखने को मिले। इस हॉरर-कॉमेडी मूवी को आप ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### बाबा गुरु घासीदास के सत्य व अहिंसा के बताए मार्ग पर चले लोग



**तनौद।** तीन दिवसीय संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जयंती समारोह में 28 नवंबर गुरुवार को भाजपा मंडल कोडाभाट खरौद के अध्यक्ष शिवेंद्र प्रताप सिंह तनौद पहुंचे। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि अजय साहू सभापति स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास तथा ग्रामवासियो ने उनका स्वागत किया। उन्होंने सर्वप्रथम परम पूज्य बाबा गुरू घासीदास के जय स्तम्भ मे पूजा अर्चना किये। इस अवसर पर उन्होंने कहा की बाबा गुरुघासी ने जो सात वचन दिये है, जो सत्य और अहिंसा के मार्ग बताये है उनको अपने जीवन मे अमल करते हुए अपने जीवन को धन्य ,और महान बनाना है। इस अवसर पर रामहरि साहू, नागेश्वर साहू, संतोष महिपाल, महावीर साहू,फुलेश महिपाल,भागीरथी महिपाल,मोति राम, महेंद्र, एवं सभी सतनाम समिति और ग्रामवासी कार्यक्रम में उपस्थित थे।

### दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में सीता राम नाम अखंड संकीर्तन 31 को

जांजगीर-चांपा। श्री दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर जांजगीर में राम लला के प्राण प्रतिष्ठा पौष दवादशी बुधवार 31 दिसंगर को प्रातकाल 7 बजे सीतारामनाम प्रभातफेरी, 9 बजे से अखंड श्री सीतारामनाम महा मंत्र कीर्तन प्रारंभ, 1 जनवरी प्रातकाल 9 बजे 24 घंटे का अखंन्ड सीतारामनाम संकीर्तन का समापन 10 बजे से हवन प्रर्णाहुति 1 बजे से हनुमान जी का महाप्रसाद भंडारा हनुमान जी को भोग अर्पण कर आरंभ होगा। नव वर्ष में हनुमान जी दर्शन कर प्रसाद प्राप्त करे। अखंड संकीर्तन में ग्राम रोगदा , कर्रा , महंत, मरकाडीह बाराद्वार , जांजगीर की कीर्तन मंडली अपनी सहभागिता निभाएंगे। शाम 6: 30 बजे हनुमान जी का सेन्दुराभिषेक, 7 बजे महा आरती, 8 बजे से सामुहिक सुन्दर काण्ड पाठ हनुमान चालिसा का पाठ किया जाएगा। दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर जांजगीर के पुजारी पं किरण कुमार मिश्रा ने बताया कि अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा का पावन दिन 22 जनवरी 2024 को सपन्न हुई था , उस समय भारतीय पंच्चाग के अनुसार पौष शुक्ल दवादशी तिथि थी , यही दिन देशभर में कूर्म जंयती के रुप में मनाया जाता है। भगवान विष्णुजी के कूर्म अवतार से संवंधित इस तिथि को ही प्रतिष्ठादवादशी कहा जाता है। उन्होंने कहा कि भारत में सभी धार्मिक पर्व भारतीय काल गणना के अनुसार ही निर्धारित होते है। इसलिए इस वर्ष रामलला की प्रतिष्ठा तिथि 10 जनवरी शुक्रवार को मनाई गई थी जबकि दूसरी रामलला वर्षगांठ 31 दिसंबर दिन बुधवार को मनाई जाएगी।

### चांपा से अकलतरा तक निकली निशान यात्रा



**चांपा।** श्री श्याम मंदिर चांपा से श्री श्याम मनोहर मंदिर अकलतरा तक सोमवार 29 दिसंबर को भव्य निशान यात्रा का आयोजन किया गया है। इस यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु केसरिया ध्वज के साथ शामिल हुए और "जय श्री श्याम" के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया है। निशान यात्रा के आयोजक संदीप अग्रवाल एवं अशिका अग्रवाल चांपा के साथ समस्त श्याम प्रेमियों अधिक से अधिक संख्या में शामिल हुए। यात्रा के दौरान भजन–कीर्तन, ढोल–नगाड़े एवं भक्तिमय झांकियों के साथ श्याम बाबा की अलौकिक छवि के दर्शन हो रहे है। आपको बता दे कि एकादशी के दिन पदयात्री संदीप अग्रवाल और अंशिका अग्रवाल द्वारा चांपा श्री श्याम मंदिर से लेकर निकले श्याम निशान को श्याम मनोहर मंदिर अकलतरा में चढ़ाया जाएगा। वैसे तो हर वर्ष संदीप अग्रवाल अपनी टीम के साथ उड़ीसा के भटली धाम में स्थित श्याम मंदिर में पैदल जाकर श्याम निशान चढ़ाते रहे है । परंतु अभी वे श्याम निशान लेकर अपनी भांजी अंशिका के साथ अकलतरा के लिए निकल चुके है।

## निधन

### उर्मिला बाई नारंगे



**डोंगाकोहरौद।** ग्राम पंचायत भिलौनी की प्रतिष्ठित महिला उर्मिला बाई नारंगे की 70 वर्ष की आयु में 25 दिसंबर को निधन हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गई है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। उनकी अन्तिम संस्कार में स्वजाति ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए थे। वे सदाराम नारंगें की धर्म पत्नी, मनस राम , संतराम, रथराम नारंगे की भाभी थी।

### इखलाक हुसैन



**अकलतरा।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक इखलाक हुसैन का निधन हो गया। वे इकबाल हुसैन एवं इरशाद बाबा के भाई थे। उन्हें बलौदा रोड स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्द ए ख़ाक किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में सजातीय बंधु एवं इष्टमित्र बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए।

ग्रामीण लगातार निर्माण की कर रहे मांग

# गोधना-कांसा पहुंच मार्ग बदहाल, आज तक नहीं बनी पक्की सड़क, धूल से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

आजादी के 78 वर्ष बीत जाने के बाद भी गोधना से कांसा गांव को जोड़ने वाला मार्ग बदहाली का दंश झेल रहा है। महज तीन किलोमीटर की यह सड़क आज तक पक्की नहीं बन पाई है। ग्रामीणों को रोजाना भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मजबूरन लोग धूल भरी कच्ची सड़क पर चलने मजबूर है।

नवागढ़ विकासखंड के अंतर्गत आदर्श ग्राम पंचायत गोधना से ग्राम पंचायत कांसा तक सड़क बदहाल है। यहां के लोगों को आज तक पक्की सड़क नसीब नहीं हो पाई है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के दिनों में यह मार्ग कीचड़ में तब्दील हो जाता है, वहीं गर्मी के मौसम में धूल के गुबार से लोगों का आना-जाना दूभर हो जाता है। इस मार्ग से होकर ही वे खेतों तक पहुंचते हैं, लेकिन बारिश के दिनों में आवागमन पूरी तरह ठप हो जाता है। इससे खेती-किसानी पर भी सीधा असर पड़ता है। स्थानीय निवासी जगन्नाथ यादव ने बताया कि बरसात में कई बार खेत तक पहुंचना संभव नहीं हो पाता, जिससे समय पर कृषि कार्य नहीं हो पाता और नुकसान उठाना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक यह मार्ग पक्का नहीं बनेगा, तब तक विकास की बात अधूरी ही रहेगी। ग्रामीण जगन्नाथ यादव ने बताया कि गोधना–कांसा पहुंच मार्ग बेहद जर्जर है। बरसात में रास्ता कीचड़ में बदल जाता है, वहीं गर्मी में उड़ती धूल से आंखों में जलन और सांस लेने में परेशानी होती है। इस मार्ग के निर्माण से न सिर्फ गांवों का आपसी संपर्क बेहतर होगा बल्कि आपातकालीन सेवाओं की उपलब्धता भी आसान हो सकेगी।





बदहाल गोधना–कांसा पहुंच मार्ग एवं उड़ता धूल का गुबार।

लोक निर्माण विभाग की मानें तो पामगढ़ उपसंभाग द्वारा ग्राम पंचायत गोधना में गोधना–कांसा संपर्क मार्ग निर्माण प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई है। यह प्रस्ताव सुशासन तिहार के तहत प्राप्त आवेदनों की समीक्षा के बाद मंजूर किया गया। वहीं इसे आगामी वित्तीय वर्ष 2026–27 की वार्षिक कार्ययोजना में शामिल करने का आश्वासन दिया है। विभागीय पत्र में स्पष्ट किया गया है कि स्वीकृति के उपरांत आवश्यक प्रक्रियाएं पूर्ण कर निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाएगा।



## दिल्ली में बिखरी छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक छटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

- छह राज्यों के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्था के प्रतिनिधि हुए शामिल

केंद्रीय सांस्कृतिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (सीसीआरटी ) दिल्ली के प्रशिक्षण में विशेष सांस्कृतिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों के डाइट के संकाय सदस्यों ने भाग लिया। छत्तीसगढ़ राज्य से 6 जिलों के डाइट संकाय सदस्यों को आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम के दौरान नृत्य ,संगीत, अभिनय ,मूर्तिकला ,वास्तुकला, चित्रकला ,बंधेज आर्ट, बुक बाइंडिंग, मधुबनी पेंटिंग सहित विभिन्न सांस्कृतिक विधाओं का प्रशिक्षण तथा प्रस्तुतियां राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों द्वारा दी गई। छत्तीसगढ़ की टीम की प्रस्तुति ने राज्य की सांस्कृतिक विरासत को राष्ट्रीय मंच पर गौरवान्वित किया। डाइट छत्तीसगढ़ की टीम ने विशिष्ट पहचान बनाते हुए छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य कर्मा, सुआ,पंथी और राउत नाचा का जीवंत प्रदर्शन किया। साथ ही छत्तीसगढ़ के पारंपरिक लोकगीत, वेशभूषा, खान-पान रहन-सहन , सामाजिक रीति रिवाज की भी रंगमंच पर प्रभावशाली प्रस्तुतियां दी गई। डाइट जांजगीर से श्रीमती प्रतिमा साहू द्वारा कोसा, कांसा ,कंचन की नगरी के कोसा कपड़ा निर्माण को चरखा ,कोकून आदि के द्वारा जीवंत प्रदर्शित किया। साथ ही डाइट जांजगीर में सेवानिवृत्ति व्याख्याता प्रद्युम्न कुमार शर्मा एवं प्रतिमा साहू व्याख्याता के द्वारा स्थापित संग्रहालय( म्यूजियम) का राष्ट्रीय स्तर पर प्रोजेक्टर के द्वारा प्रस्तुतिकरण दिया जिसके फलस्वरुप डाइट जांजगीर के म्यूजियम को देश भर के 112 कल्चरल क्लब में स्थापित करने हेतु अनुमोदित किया गया ।

## डीएड योग्यताधारी शिक्षकों के लिए बीएड ब्रिज कोर्स की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने धर्मेंद्र प्रधान केंद्रीय शिक्षा मंत्री, पंकज अरोड़ा अध्यक्ष राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षक परिषद, सचिव शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़, संचालक एससीईआरटी व संचालक लोक शिक्षण संचानालाय छत्तीसगढ़ को पत्र लिखकर शिक्षकों के प्रमोशन के लिए डीएड योग्यताधारी शिक्षकों के लिए बीएड के 'ब्रिज कोर्स' हेतु प्रावधान बनाते हुए ब्रिज कोर्स कराने की मांग की है।

ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा सेवा (शैक्षिक एवं प्रशासनिक संवर्ग) भर्ती तथा पदोन्नति नियम, 2019 में व्याख्याता पदोन्नति हेतु प्रशिक्षित स्नातकोत्तर का प्रावधान किया गया था, जिसके तहत बीएड या डीएड या समकक्ष शिक्षक भी पदोन्नति की पात्रता रखते थे, किन्तु एनसीटीई के प्रावधान के आधार पर माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्णय के बाद केवल बीएड प्रशिक्षित शिक्षकों को पदोन्नति दी गई है, इससे हजारो डीएड प्रशिक्षित शिक्षक पदोन्नति से वंचित हुए है। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष बसंत चतुर्वेदी, जिलाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह, जिला सचिव डॉ.बोधी राम साहू, जिला संयोजक विजय प्रधान, श्रीमती सीता मिलन, आशीष सिंह, रितेश गोयल, राजकिशोर धीरही, केशव साहू, माखन राठौर, टेकराम कुर्रे, ब्लॉक अध्यक्ष विनोद चौबे, नरेश गुरुद्वान, उमेश तेम्बुलकर, रामकुमार चौहान, नरेंद्र तिवारी ने कहा है कि छत्तीसगढ़ व अन्य प्रदेश के हजारों डीएड, डीपीई, बीटीआई या समकक्ष प्रशिक्षित शिक्षक प्राथमिक सहायक शिक्षक व पूर्व माध्यमिक शिक्षक पद पर कार्यरत हैं। उच्चतम न्यायालय के वर्तमान निर्णय और एनसीटीई के दिशा-निर्देश के आलोक में प्राथमिक सहायक शिक्षकों व पूर्व माध्यमिक शिक्षकों के लिये प्रमोशन हेतु बीएड की अनिवार्यता की गई है जिससे हजारों शिक्षक प्रभावित होकर प्रमोशन से वंचित है। इससे बीएड ब्रिज कोर्स की प्रासंगिकता व अनिवार्यता महसूस किया जा रहा है।

## अपने राष्ट्र के लिए हमेशा रहना होगा सजग

हरिभूमि न्यूज ⏭ तनौद

- राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर तनौद में विराट हिंदू सम्मेलन का हुआ आयोजन

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर तनौद के हृदय स्थल पर विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया । सम्मेलन की मुख्य अतिथि शिवेंद्र प्रताप सिंह भाजपा मंडल कोडाभाट खरौद अध्यक्ष थे। अध्यक्षता प्रमिला अजय साहू जिला पंचायत सभापति ने की। मुख्य वक्ता के रुप में सरोज पटेल विभाग सह कार्यवाह, धनश्याम पटेल, सरपंच प्रतिनिधि महावीर साहू थे।

सर्वप्रथम मुख्य अतिथि शिवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि हिंदुत्व एक जीवन पद्धति है। ईश्वर के प्रति आस्था और सनातन मार्ग पर चलने की प्रेरणा हिंदुत्व जीवन पद्धति ही सिखाती है। प्रमिला अजय साहू ने कहा कि हिंदू सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज और राष्ट्र के प्रति जागरण खड़ा करना है और समाज के लोगों को यह बताना कि हम सब हिंदू ही हैं भले ही हम किसी भी पंथ के मानने वाले और किसी भी संप्रदाय की क्यों ना हो किंतु हमारी पहचान हिंदू के रूप में ही है। आचार्य ने कहा कि हमें उठाना होगा जागना होगा और अपने राष्ट्र के लिए हमेशा सजग रहना होगा क्योंकि प्रत्येक नागरिक भी इस राष्ट्र का सजग पर प्रहरी है। इसलिए राष्ट्र गौरव को बढ़ाना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। सम्मेलन के मुख्य वक्ता सरोज पटेल विभाग सह कार्यवाह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने संबोधन में कहा कि भारत के गौरवशाली इतिहास को जानने के लिए इतिहास का छात्र होना जरूरी नहीं है। हमारे देश के स्वर्णिम इतिहास से हमें अपने देश के प्रति जिम्मेदार नागरिक होने का तथा अपने कर्तव्यों के प्रति सजग होने का ध्यान आता है। सम्मेलन में पूर्व सरपंच सम्मेलाल साहू, पूर्व जनपद अध्यक्ष पामगढ़ डमरु मनहर, उत्तम सोनी, बसंत यादव, सुखनंदन देवांगन, खेदनाथ साहू, रामहरि साहू, नागेश्वर साहू, ग्रंथ साहू, गनेश्वर, अजय साहू, पुरुषोत्तम साहू राहुल सरपंच पडरिया, तुमलेश चौहान सरपंच खरगहनी उपस्थित है। कार्यक्रम के अंत में आभार ज्ञापन तनौद मंडल खंड पामगढ़ चालक खोमेंन्द साहू द्वारा किया गया।



दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि।

## युवा जांजगीर ने आयोजित किया करियर मार्गदर्शन सत्र

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर और आसपास जिलों के युवाओं के लिए युवा जांजगीर ने टीएलसी जांजगीर में करियर मार्गदर्शन सत्र आयोजित किया। यह सत्र 19 से 31 वर्ष आयु वर्ग के स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों के लिए था।सत्र में 45 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसमें उच्च शिक्षा के अवसरों और विभिन्न फेलोशिप कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। युवा जांजगीर के सदस्यों ने बताया कि जांजगीर के युवा ऊर्जावान और प्रतिभाशाली हैं, लेकिन उन्हें अवसर, चर्चा का मंच और जानकारी की कमी रहती है। गांधी, एसबीआई, टीच फॉर इंडिया जैसी फेलोशिप के बारे में भी युवाओं को जानकारी नहीं होती। हमारे कॉलेज और विश्वविद्यालय जीवन के लिए तैयार नहीं करते, इसलिए युवा आत्मविश्वास से संवाद करने में डरते और संघर्ष करते हैं। इस स्थिति को देखते हुए युवा जांजगीर ने जिम्मेदारी ली है कि वे जागरूकता फैलाएं और युवाओं को सहयोग दें, ताकि वे केंद्रीय और सार्वजनिक हित वाली विश्वविद्यालयों में उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकें और सामाजिक क्षेत्र की संस्थाओं में काम कर सकें। इन संस्थाओं में युवाओं को व्यावहारिक अनुभव, कौशल विकास के अवसर और सम्मानजनक वेतन मिलता है।



## विधायक ने किया सीसी रोड निर्माण का भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तालदेवरी

जनपद पंचायत बम्नीडीह के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत तालदेवरी में 10 लाख रुपए का सी सी रोड गंगा राम घर से घसीया राम घर की ओर 5 लाख रुपए,घसीया राम घर से सुन्दर घर की ओर 5 लाख रुपए का भूमिपूजन कार्यक्रम 29 दिसंबर को संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बालेश्वर साहू विधायक जैजैपुर विधान सभा क्षेत्र, अध्यक्षता श्रीमती सीमा शुकलाल सोनवानी सरपंच ग्राम पंचायत तालदेवरी, विशिष्ट अतिथि रविन्द्र शर्मा अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी बम्नीडीह, गुलाबुद्दीन खान सदस्य उर्दू अकादमी छ.ग.शासन, बेद राम कश्यप पूर्व पानी पंचायत अध्यक्ष, रामराज पाण्डेय विधायक प्रतिनिधि, कमलेश कश्यप खनीज विभाग विधायक प्रतिनिधि, श्रीमती कविता राजेन्द्र आजाद जनपद सदस्य, विनोद खुटे उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस सक्ती, कलेश्वर खुटे भीम आर्मी प्रदेश कार्यकारिणी, महेंद्र महिपाल पूर्व जनपद सदस्य बम्नीडीह उपस्थित थे। मुख्य अतिथि बालेश्वर साहू ने कहा कि जैजैपुर विधान सभा क्षेत्र के जितने भी ग्राम पंचायत है उस सभी विधाय निधि की राशि से विकास कार्य करने की कोशिश की जा रही है। इस कार्यक्रम में गोस्वामी खुटे, इतवारी राम साहू अध्यक्ष साहू समाज, सीता राम साहू शुकलाल सोनवानी,मुनी राम साहू उपसरपंच,आजु राम बंजारे परस आजाद, गनपत खुटे पंच,रथ राम खुटे पंच, कैलाश खुटे,सरोज कुमार यादव,चुरामणी साहू,राम कुमार पटेल,मुकेश कुमार चन्द्रा, उमेद राम खुटे,राज कुमार खुटे, परदेशी खुटे आदि उपस्थित थे।



सीसी रोड निर्माण का भूमि पूजन करते विधायक बालेश्वर साहू एवं अन्य अतिथि।

## कांग्रेस पार्टी का मना 140 वां स्थापना दिवस

**अकलतरा।** नगर कांग्रेस कमेटी के द्वारा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की 140 वीं स्थापना दिवस का आयोजन नगर कांग्रेस कार्यालय परिसर में किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका उपाध्यक्ष दिवाकर सिंह राणा ने कहा किकांग्रेस पार्टी की स्थापना 1885 में हुई थी, जो भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का एक महत्वपूर्ण पल था। यह दिन हमें देश की स्वतंत्रता के लिए लड़ने वाले नेताओं का स्मरण कराता है।कांग्रेस पार्टी ने देश की स्वतंत्रता के बाद भी देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह दिन हमें देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए प्रेरित करता है। नगर कांग्रेस अध्यक्ष महेश्वर टंडन ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सर्वधर्म समभाव की विचारधारा से प्रेरित है। कांग्रेस पार्टी लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए जानी जाती है। स्थापना दिवस हमें लोकतंत्र की रक्षा का संकल्प दिलाता है साथ ही देश के लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने और देश की स्वतंत्रता को सुरक्षित रखने के लिए प्रेरित करता है। कार्यक्रम को भविष्य चंद्राकर ,संतोष सिंह बैस, धनराज सिंह चौहान,अविनाश लाटा, हर्षवर्धन सिंह अंकित सिंह सिसोदिया ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में राजकुमार राठी छतराम साहू ,अमित सिंह बैस, मनोज अग्रवाल शशिशंकर डहरिया, रितेश चक्रधारी, मुकेश सिंहसर्वा एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



## अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन में पर्यावरण मित्र पुरस्कार से नेहा अग्रवाल सम्मानित

**चांपा।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन का आयोजन राजधानी रायपुर में हुआ। अरुणोदय के नाम से आयोजित सत्र में चांपा नगर की विभिन्न धार्मिक ,सामाजिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक संस्थाओं से जुड़ी हुई श्रीमती नेहा-अविनाश अग्रवाल को पर्यावरण मित्र पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अधिवेशन अरुणोदय में चांपा शाखा की संरक्षिका और पूर्व अध्यक्ष श्रीमति नेहा अग्रवाल ( प्रदेश पर्यावरण प्रकल्प प्रमुख) ने चांपा शाखा की वर्तमान अध्यक्ष माधुरी संजय अग्रवाल और सचिव खुश्बू अमित अग्रवाल के साथ पुरस्कार ग्रहण करते हुए कहा कि वो जीवन पर्यंत पर्यावरण मित्र बनकर अपनी धरती मां,गंगा मां और गौ माता की रक्षा करना चाहती है। उन्होंने सभी को इस मंच से कहा कि आप सभी भी अपने मानव जन्म के उद्देश्यों को पहचाने और एकसाथ आगे बढ़कर अपने पर्यावरण को सुरक्षित और संरक्षित रखने में अपना योगदान दे। अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन चांपा शाखा द्वारा विभिन्न अवसरों पर सामाजिक, धार्मिक और आध्यात्मिक कार्यों में अग्रणी रहती हैं और इसमें इनकी संस्था पूर्णतः समर्पित भाव से सेवा कार्य करते रहे हैं। पर्यावरण संरक्षण के प्रयास, गौसेवा एवं गौरक्षा हेतु प्रयास,नदीजल स्वच्छ रखने हेतु प्रयास प्लास्टिक का कम से कम उपयोग एवं सड़कों पर नालियों में चौक चौराहों पर फैले कचरों के उचित निपटन हेतु लगातार प्रयासरत है। महिला समिति ने भंडारा प्रसाद के लिए 3000 पत्तल ,कागज के पानी गिलास और पानी कैंट की सेवा देकर वसुंधरा को स्वच्छ रखने का प्रयास किया हैं, यह एक सराहनीय और अनुकरणीय पहल हैं जो कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति समिति की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ प्रदेश पर्यावरण प्रकल्प प्रमुख एवं चांपा शाखा की संरक्षक श्रीमती नेहा-अविनाश अग्रवाल, चांपा शाखा अध्यक्ष माधुरी-संजय अग्रवाल, शाखा सचिव खुश्बू-अमित अग्रवाल और अन्य सदस्य उपस्थित थे। श्रीमति नेहा-अविनाश अग्रवाल को शील्ड और प्रशस्ति-पत्र देकर पर्यावरण मित्र पुरस्कार से अलंकृत किया गया हैं, जो उनकी पर्यावरण संरक्षण के प्रति समर्पण का प्रतीक हैं।




## ठंड में ठिठुरते असहाय और जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

केशरवानी महिला समिति चांपा के द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी समिति की अध्यक्ष श्रीमती शांता महेंद्र गुप्ता के सौजन्य से असहाय और जरूरतमंद लोगों को कड़कड़ाती ठंड में कंबल वितरित कर थोड़ी सी सेवा का प्रयास किया गया।

बढ़ते ठंड में शनिवार 27 दिसंबर को शनिदेव के पास जरूरतमंद और असहाय लोगों को केशरवानी महिला समिति द्वारा कंबल वितरित किया गया। इसके साथ ही रविवार 28 दिसंबर की रात में रेल्वे स्टेशन चांपा में और आसपास ठंड में ठिठुरते हुए असहाय और जरूरतमंद लोगों को भी कंबल वितरित किया गया। केशरवानी महिला समिति चांपा के द्वारा अध्यक्ष श्रीमती शांता गुप्ता के सौजन्य से पिछले 9 वर्षों से धर्म और सेवा का कार्य जा रहा है। ऐसे ही छोटी छोटी सेवा और नेक कार्य करने का अवसर देने के लिए समिति के सदस्य ईश्वर के प्रति कृतज्ञ हैं। नर सेवा ही नारायण सेवा की भावना को अपनाते हुए केशरवानी महिला समिति चांपा के द्वारा आगे और भी जरूरतमंद और असहाय लोगों को कंबल वितरण किया जाएगा। चांपा रेल्वे स्टेशन पर रात्रि में और शनिदेव मंदिर के पास कंबल वितरण में समिति की अध्यक्ष श्रीमती शांता गुप्ता, क्षमा केशरवानी, रेखा केशरवानी, सरला केशरवानी, तृप्ति केशरवानी, रत्नप्रभा केशरवानी, चंदा केशरवानी, सुशीला गुप्ता, गुड्डी बाई केशरवानी,लक्षीता केशरवानी, दिव्या केशरवानी, मिल्की केशरवानी के अलावा नगर सभा के संरक्षक महेंद्र गुप्ता, जागेश्वर केसरवानी, संजय केसरवानी, बिसाहू केसरवानी आदि सदस्य शामिल हुए।



जरुरतमंदों को कंबल वितरण करती केशरवनी महिला समिति के पदाधिकारी।